तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शांतिपारा में भारी अव्यवस्था, मरीज परेशान




## खबर संक्षेप

### विद्युत की आंख मिचौली शुरू, लोग परेशान

**बैकुण्ठपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की अघोषित कटौती लोगों को परेशानी कर देती है। रविवार को शहर से लगे ग्राम भाड़ी में सुबह के समय अघोषित रूप से घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित रही, इसके चलते लोगों को सुबह के समय विद्युत कटौती के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम भाड़ी चौक से कंचनपुर की ओर जाने वाले क्षेत्र में रविवार को सुबह से ही विद्युत कटौती रही, इसके चलते सुबह लोगों को बिजली आपूर्ति बाधित होने से कई तरह की समस्या से जूझना पड़ा। घंटो क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।

### सड़क की ओर झुका विद्युत पोल, हादसे का अंदेशा



**बैकुण्ठपुर।** शहर के टेलीफोन एक्सचेंस आफिस के निकट सड़क किनारे एक विद्युत पोल का निजला हिस्सा टूटने से विद्युत पोल सड़क की ओर झुक गया, जिसे जल्द बदलने की जरूरत है, अन्यथा इस दिशा में बरती गई लापरवाही किसी के लिए भारी पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के सांई मंदिर से खुटहनपारा की ओर जाने वाली सड़क के क्रासिंग प्वाइंट के पास एक विद्युत पोल का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, इसके चलते विद्युल पोल सड़क की ओर ही झुक गया है, इससे कभी भी पोल के गिरने की संभावना बनी हई है। यदि समय रहते विद्युत पोल को हटाया नहीं जाता है तो संभावित दुर्घटना का कारण बन सकता है। विद्युत पोल के सड़क के ओर झुक जाने के कारण लोग संभल कर तो चल रहे हैं, लेकिन किसी के लिए भी खतरे का कारण बन सकता है। इस दिशा में विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार को त्वरित रूप से पोल बदलने की कार्रवाई करने की जरूरत हैं।

### राशन कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अंबिकापुर।** लखनपुर, उदयपुर क्षेत्र में राशन की कालाबाजारी और संचालकों की मनमानी को लेकर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई के निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि मनमानी करने वाले सभी दुकान सचालकों को बदला जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बता दें कि लखनपर, उदयपुर क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों से लगातार शिकायत मिल रही है कि हितग्राहियों का अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र में संचालकों द्वारा बड़े पैमाने पर राशन की कालाबाजारी की जा रही है। इस बीच पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि राशन वितरण को लेकर शिकायतें मिल रही है और कालाबाजारी की भी सूचना है। एसडीएम को निर्देश दिए गए है कि सभी राशन दुकानों की जांच की जाए और यदि गड़बड़ी मिलती है तो संचालकों पर कार्रवाई करने के साथ ही समितियों को बदला जाएगा।

### ब्लॉक कांग्रेस का रक्तदान शिविर कल

**मनेन्द्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में सुबह 11 से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे लोगों को इस पुनीत कार्य के प्रति प्रोत्साहन मिल सके।

## जामदुआरी जंगल में गिर सकते हैं पेड़, हादसे की आशंका

# बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ हाइवे पर मौत का साया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ राष्टीय राजमार्ग पर पड़ने वाले जंगल में हादसे को दावत देते पेड़ प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रहे हैं। सड़क किनारे कई पेड़ अपनी जड़ों से उखड़ने की कगार पर हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। मिट्टी कटाव और बारिश के मौसम के दौरान भूस्खलन से यह इलाका और भी खतरनाक हो जाता है,इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

यह सड़क कोरिया जिले को अंबिकापुर और अन्य बड़े शहरों से जोड़ती है। हर दिन हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं, इनमें बसें, ट्रक, एंबुलेंस और आम राहगीर शामिल हैं। तेज हवा चलने या बारिश होने पर इन पेड़ों के गिरने का खतरा और बढ़ जाता है। पिछले कुछ सालों में यहां कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की सुस्ती बरकरार है। उल्लेखनीय है कि बरसात के मौसम में इस इलाके में भू-स्खलन की घटनाएं आम हैं। मिट्टी का कटाव होने के कारण सड़क के किनारे की जमीन कमजोर हो चुकी है, इससे कई पेड़ झुक गए हैं। इनकी जड़े बाहर आ गई हैं और यह कभी भी गिर सकते हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। कुल मिलाकर जामदुआरी जंगल के पेड़ और भू-स्खलन का खतरा हजारों लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले।



एनएच के बगल में झूके पेड़।

### विभाग बेपरवाह लोगों में आक्रोश

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग और एनएच के विभागीय अधिकारियों को इस खतरे से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इन खतरनाक पेड़ों को हटाया जाए और भू-स्खलन को रोकने के लिए जरूरी उपाय किए जाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो यह इलाका दुर्घटनाओं का हॉट स्पॉट बन सकता है। जरूरत इस बात की है कि वन विभाग और एनएच की संयुक्त रूप से सर्वे कर खतरनाक पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करें, इसके अलावा सड़क किनारे मिट्टी कटाव को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

# वाहन किराए के नाम पर ठगी का खुलासा, गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- पटना थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में पुलिस द्वारा संगठित अपराधों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वाहन किराए के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी विकास जायसवाल उर्फ विक्की जायसवाल कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय था। वह वाहन मालिकों को रेलवे ठेके में वाहन लगाने का झांसा देकर प्रतिमाह 25 से 50 हजार तक किराया दिलाने का लालच देता था। आरोपी की बातों में आकर कई लोगों ने अपने नए वाहन उसे सौंप दिए, जिन्हें वह कम कीमत में अन्य लोगों को बेच देता था। मामले में प्रार्थी संदीप साहू की रिपोर्ट पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 94/2026 धारा 316, 317(1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने प्रार्थी की आर्टिका कार सीजी 16 सीएन 3128 को 40 हजार मासिक किराए के नाम पर लेकर अगस्तपुर निवासी समय लाल को बेच दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 अप्रैल को वाहन को बरामद कर लिया। वहीं समय लाल राजवाड़े को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मुख्य आरोपी विकास जायसवाल अन्य मामलों में पहले से ही न्यायिक अभिरक्षा में है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन किराए या निवेश के नाम पर मिलने वाले किसी भी प्रलोभन में न आएं और संदिग्ध प्रस्तावों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



# निर्माण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

किसी भी सरकारी निर्माण कार्य में पारदर्शिता के लिए निर्माण के पूर्व निर्माण स्थल पर निर्माण संबंधी सूचना बोर्ड दर्शित किया जाता है ताकि आम लोगों को भी निर्माण से संबंधित आवश्यक जानकारी मिल सके, लेकिन जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरवापारा में बैकुंठपुर-सोनहत मुख्य मार्ग पर स्थित एक नाले में स्टाप डैम का निर्माण कार्य बीते कुछ दिनों पूर्व शुरू किया गया है, लेकिन निर्माण स्थल पर नागरिक सूचना पटल निर्माण कार्य शुरू होने के कई दिन बीत जाने के बाद भी नहीं लगाया गया है। अक्सर देखा गया है कि निर्माण कार्यो में बंदरबांट करने के उद्देश्य से सूचना पटल नहीं लगाए जाते, ताकि आम जनता को लागत और कार्य की प्रकृति का पता न चल सके। चेरवापारा में नाला में बन रहे स्टाप डैम निर्माण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड का नहीं लगाया बड़ी अनियमितता की ओर इशारा कर रहा है। यह एक गंभीर लापरवाही है और उक्त स्थल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की जानी चाहिए। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों तक उक्त स्थल पर चले रहे निर्माण कार्य बंद है। निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने से निर्माण गुणवत्ता को लेकर भी लोगों में सवाल उठाए जा रहे हैं।



### हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने हज यात्रा पर जा रहे सभी जायरीनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल, सुरक्षित और मंगलमय सफर की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हज यात्रा इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण होती है। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि, समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान और सहयोग की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने हज यात्रियों से अपील की कि वे इस पवित्र यात्रा के दौरान देश और प्रदेश की खुशहाली, शांति एवं समृद्धि के लिए भी दुआ करें।

### केवाईसी के लिए लगा शिविर...



**बैकुण्ठपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में महतारी वंदन योजना के केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा के शिव मंदिर के पास आयोजित शिविर में 100 से अधिक हितग्राहियों का नि:शुल्क केवाईसी कार्य पूर्ण कराया गया। शिविर 12 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे से संचालित रहा। भाजपा जिला आईटी सेल संयोजक हरिओम साहू द्वारा उपस्थित सभी हितग्राहियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी इसी प्रकार से जनहितकारी कार्य निरंतर किए जाएंगे, जिससे कि हितग्राहियों को शासकीय योजना का लाभ मिल सके।

# रक्तदान शिविर का आयोजन




**मनेन्द्रगढ़।** सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है की भावना को साकार करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा मनेन्द्रगढ़ मंडल जिला एमसीबी द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ।

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के 220 बिस्तर अस्पताल में आयोजित इस रक्तदान शिविर में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम लोगों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान के लिए पंजीयन हुआ। इसमें से 8 से 12 रक्तदाताओं ने आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री आशीष मजूमदार, सह प्रभारी रबिंद्र भारती, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा सहित जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को आगे भी जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने रक्तदान की पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया। रक्तदाताओं को आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद ही रक्तदान की अनुमति दी गई। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में सहायक होता है, बल्कि यह समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी मजबूत करता है।

# विकास नगर कॉलोनी में गिरा छज्जा, बाल-बाल बचा परिवार



**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र स्थित विकास नगर कॉलोनी में खदान कर्मियों के आवासों की जर्जर हालत एक बार फिर सामने आई है। एमडी 106 नंबर क्वार्टर का छज्जा मंगलवार को अचानक मिट्टी के ढेर की तरह ढह गया। गनीमत रही कि उसमें रह रहा परिवार बाल-बाल बच गया, लेकिन इस घटना ने कॉलोनी में रहने वाले सैकड़ों परिवारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसार विकास नगर कॉलोनी की स्थिति बेहद बदतर हो चुकी है। यहां अक्सर किसी न किसी क्वार्टर का कोई हिस्सा टूटकर गिरता रहता है। छतों से प्लास्टर गिरना, दीवारों में दरारें आना और अब छज्जों का ढहना आम बात हो गई है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि लगभग सभी आवास जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एसईसीएल कर्मी देवा कुमार राउत ने बताया कि आवासों की बदहाली की जानकारी एसईसीएल प्रबंधन को कई बार लिखित में दी जा चुकी है। मरम्मत के लिए आवेदन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज की घटना के बाद कॉलोनी में भारी आक्रोश है। रहवासियों ने कहा कि वे और उनके बच्चे हर दिन डर के साये में जीने को मजबूर हैं।

# एरोबिक्स एवं जुम्बा सत्र का आयोजन




**मनेन्द्रगढ़।** स्वस्थ मनेन्द्रगढ़, प्रसन्न मनेन्द्रगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से 18 वीं बटालियन मनेन्द्रगढ़ द्वारा नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे एरोबिक्स एवं जुम्बा सत्र में रविवार को काफी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। 12 अप्रैल को नदी पार स्थित पार्क मनेन्द्रगढ़ में आयोजित इस विशेष सत्र में लगभग 250 से 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह आयोजन 18 वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक कमांडिंग ऑफिसर सुरेश कुमार गौड़ तथा पतंजलि योग समिति के सतीश उपाध्याय की विशेष भूमिका रही। एरोबिक्स और जुम्बा सत्र का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना, शारीरिक फिटनेस बढ़ाना और मानसिक तनाव को कम करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एक साथ मिलकर सरल और प्रभावी स्टेप्स के माध्यम से एरोबिक्स का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सही तकनीक और नियमित अभ्यास के महत्व के बारे में जानकारी दी। सहायक कमांडिंग ऑफिसर सुरेश कुमार गौड़ ने कहा कि एरोबिक्स और जुम्बा जैसे व्यायाम न केवल शरीर को फिट रखते हैं, बल्कि मन को भी प्रसन्न बनाए रखते हैं। वहीं पतंजलि योग समिति के सतीश उपाध्याय ने बताया कि एरोबिक्स के नियमित अभ्यास से शरीर के विभिन्न अंगों में बेहतर समन्वय स्थापित होता है और तनाव में कमी आती है, इससे व्यक्ति अधिक ऊर्जावान और सकारात्मक महसूस करता है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने इसे और भी सफल बनाया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन न केवल स्वास्थ्य संवर्धन में सहायक होते हैं, बल्कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह एरोबिक्स एवं जुम्बा सत्र पूरी तरह निःशुल्क है और प्रत्येक रविवार सुबह 6 बजे से आम नागरिकों के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

## चरचा कॉलरी में श्याम कथा का आयोजन

# हनुमान मंदिर परिसर जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा



कथा सुनाते अजय कृष्ण महाराज।



आयोजन में पहुंचे विधायक भईयालाल राजवाड़े।



भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र के शिवपुर चरचा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 6 से 11 अप्रैल तक आयोजित भव्य श्याम कथा का कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ संपन्न हुआ। 6 दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई थी, इसमें सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया और आयोजन की भव्यता का संदेश दिया। प्रतिदिन शाम 5 बजे से आयोजित श्याम कथा में चित्रकूट से पधारे कथा व्यास अजय कृष्ण ने अपनी ओजस्वी वाणी और मधुर प्रवचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान भगवान श्याम की महिमा, उनके भक्तों के प्रति प्रेम और जीवन में भक्ति के महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आई प्रसिद्ध भजन गायिका सुरभी गुप्ता व गायक बृज किशोर गुप्ता ने अपने मधुर भजनों से समां बांध दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। विशेष रूप से महिलाओं ने भक्ति भाव में नृत्य कर आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े,

⏭ शेष पेज 4 पर

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाना संकल्प



**बिजुरी।** नगरपालिका परिषद बिजुरी के चहुंमुखी विकास की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया।

नगर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रूपए की लागत से तैयार जन-कल्याणकारी परियोजनाओं का भव्य लोकार्पण एवं भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल मंत्री, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, मप्र शासन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका ने की। वार्ड क्रमांक 9 में 27.32 लाख रूपए की लागत से चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण किया गया। अब खेल-कूद और मनोरंजन के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लंबे समय से प्रतीक्षित आधुनिक चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो चुका है इसके अलावा, सौंदर्यीकरण के तहत पार्क में खूबसूरत हरियाली, घास और रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगाए गए हैं, जो वातावरण को मनमोहक बना रहे हैं। टहलने के लिए पाथवे और शाम को बैठने के लिए बेंचों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे यह न केवल बच्चों के लिए बल्कि

⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### 295 नग नशीला कैप्सूल के साथ गिरफ्तार आरोपी भोले घसिया फरार

**अम्बिकापुर।** आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज मुखबिर से सूचना मिली कि आईटीआई कॉलोनी विश्रामपुर निवासी भोले घसिया अपने घर से काफी मात्रा में नशीला इंजेक्शन, टैबलेट व कैप्सूल बेचता है। सूचना पर आबकारी उड़नदस्ता टीम ने विश्रामपुर निवासी भोले घसिया के घर दबिश दी तो भोले घर पर मौजूद था। भोले के घर की तलाश में 295 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत कार्रवाई कर रिमांड के लिए सूरजपुर आबकारी नियंत्रण कक्ष लाया गया। तभी सूचना मिली कि आरोपी अभिषेक कुमार साहू जो विश्रामपुर तहसील का चपरासी जिसे 1 मार्च को लगभग 600 नग कैप्सूल टैबलेट गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था। उस मामले का फरार आरोपी मो. शहजाद उर्फ रिंकू अपने घर में मौजूद है। आरोपी भोले घसिया को आबकारी नियंत्रण कक्ष सूरजपुर में दो आरक्षकों के हवाले कर मो. शहजाद उर्फ रिंकू के कब्रिस्तान मोहल्ला स्थित घर में छापेमारी मो. शहजाद उर्फ रिंकू को गिरफ्तार किया। मो. शहजाद उर्फ रिंकू की जब गिरफ्तारी की जा रही थी तभी आबकारी नियंत्रण कक्ष से पता चला कि पानी पीने के बहाने से आरोपी भोले घसिया चकमा देकर भाग गया। हालांकि आरोपी की खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नहीं चला तो थाना सूरजपुर में फरार आरोपी भोले घसिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। पूर्व मामले के आरोपी मो. शहजाद उर्फ रिंकू को आज न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

### खेत की रखवाली नहीं करने पर युवक ने पिता को उतारा मौत के घाट

**अंबिकापुर।** टमाटर के खेत की रखवाली नहीं करने और मवेशियों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने से आक्रोशित युवक ने अपने ही पिता की पिटाई कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने पिता को बिस्तर पर सुला दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस को 7 अप्रैल को सूचना मिली थी कि ग्राम रतासिल्ली निवासी लल्लू खलखो को उसके बेटे ने आपसी विवाद में धक्का दे दिया था। गिरने से हाथ, पैर और सीने में हल्की चोट लगने के कारण लल्लू खलखो की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया था। इस दौरान पीएम रिपोर्ट में लल्लू खलखो की हत्या की पुष्टि हुई जिसके बढ़ एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर मृतक के पुत्र प्रदीप खलखो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने ग्राम रतासिल्ली के बाहर खेत में टमाटर के पौधे लगाए थे जिसके रखवाली की जिम्मेदारी उसने अपने पिता लल्लू खलखो को दी थी लेकिन 6 अप्रैल को लल्लू खलखो ने शराब पी लिया और टमाटर की फसल को ध्यान नहीं दिया। ऐसे में मवेशियों ने खेत में खुलकर फसल को नुकसान पहुंचा दिया। इसके पूर्व भी आरोपी ने चने की फसल लगाई थी तथा अपने पिता को देखरेख के लिए बोला था परंतु उस बार भी पिता लल्लू खलखो की लापरवाही के कारण चने की फसल को पशुओं ने खा लिया था। इन सब बातों के फलस्वरूप आरोपी प्रदीप खलखो को गुस्सा आ गया और पिता लल्लू खलखो के घर पहुंचकर हाथ लात एवं डण्डा से मारपीट की। मारपीट से पिता लल्लू के बेहोश होने पर घर के अंदर ले जाकर सुला दिया, कुछ देर बाद लल्लू का मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी प्रदीप खलखो को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### विनायकपुर-मनोहरपुर में बूथ चलो, गांव चलो अभियान के तहत लगाया गया चौपाल

शंकरगढ़। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा बूथ चलो, गांव चलो, बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम विनायकपुर एवं मनोहरपुर में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना और महतारी वंदन योजना की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मंडल प्रभारी शिवनाथ जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल प्रभारी लक्ष्मण, युवा मोर्चा महामंत्री अभय पैकरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुरंजन, जिला पंचायत सदस्य गीता , मंडल उपाध्यक्ष रामबाबू भारती, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शुभम यादव, विकेश, लक्ष्मण, मनोज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चार घंटे जाम रहा एनएच 43

# विधवा का घर ढहाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



चक्काजाम प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**खास बात**

- दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतार

विकासखंड मैनपाट के रोपाखार में प्रशासन द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में शनिवार सुबह ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित महिला संग जनपद सदस्य सूर्यकांत उर्फ सूर्या पैंकरा के नेतृत्व में कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग क्र-43 पर ग्राम कारबेल हाईस्कूल के पास चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान नेशनल हाइवे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एक विधवा महिला राम बाई के घर को विशेष रूप से निशाना बनाया जबकि घर से जुड़ा यह मामला कलेक्टर कार्यालय में विचाराधीन है जिस पर सुनवाई होनी बाकी है। यह घर मंडल महामंत्री भाजपा मैनपाट गौतम पैकरा की बहन का है। ग्रामीणों के अनुसार बेदखली की कार्रवाई के दौरान मानवीय पहलुओं की अनदेखी करते हुए प्रशासन द्वारा बिना पर्याप्त सुनवाई के बुलडोजर चलाया गया है। जिससे क्षेत्र में असंतोष फैल गया और लोग आक्रोशित हो उठे।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को रोपाखार में शासकीय जमीन पर काबिज मकानों पर प्रशासन ने कार्रवाई की थी। इसके बाद से ही क्षेत्र में नाराजगी बनी हुई थी,जो शनिवार सुबह चक्काजाम के रूप में सामने आई। महिला के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आरोप है कि स्थानीय विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा मना करने के बावजूद प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई की जिससे आहत होकर गौतम पैकरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष देर रात पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे लेकिन इसके बावजूद शनिवार सुबह विरोध प्रदर्शन फिर तेज हो गया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम रामसिंह ठाकुर और एसडीओपी पुलिस राजेंद्र मंडावी थाना प्रभारी अखिलेश सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया। प्रशासन इस मसले को बातचीत के जरिये हल करना चाहती थी लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े हुए थे। चक्काजाम के दौरान जिला पंचायत सदस्य निर्मल तिर्की समर्थन मिला। समझाइश के बाद भी जब आंदोलनकारी ग्रामीणों पर कोई असर नही हुआ।

इस संबंध में एसडीएम रामसिंह ठाकुर ने बताया कि महिला के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई प्रक्रिया के तहत की गई है। इस मामले की तहसील कार्यालय मैनपाट में सुनवाई हुई थी जहां महिला का पक्ष भी सुना गया था। पूरी सुनवाई होने के बाद कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए बेदखली की कार्यवाही की गई है।

**बलपूर्वक हटाया गया जाम**

ग्रामीणों के चक्का जाम और प्रदर्शन से एनएच पर लगभग चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। समझाइश के बाद भी जब ग्रामीण नहीं माने तो प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से चक्काजाम पर बैठे ग्रामीणों को बलपूर्वक नेशनल हाईवे से हटाया और आवागमन बहाल कराया। इस दौरान बिना अनुमति नेशनल हाईवे जाम करने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित महिला रामबाई पति स्व बीरबल गोंड 36 वर्ष, जनपद सदस्य सूर्यकांत उर्फ सूर्या पैंकरा 26 वर्ष, विनोद पैंकरा 20 वर्ष, अभिजीत पैंकरा 22वर्ष, प्रकाश कुजूर 23 वर्ष, अमन सिंह 19 वर्ष, शिवशंकर सिंह 25 वर्ष, राजेश यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार कर थाने ले आई। जहां इन सभी के विरुद्ध धारा 170 126 एवं 135 के तहत अपराध दर्ज करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। बाद में सभी गिरफ्तार लोगों को तहसील कार्यालय से जमानत दे दी गई।



## एसडीएम की मौजूदगी में एसईसीएल प्रबंधन-ग्रामीणों की बैठक रही बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सड़क निर्माण कार्य कराने पर नहीं बनी सहमति, आधे से अधिक भूमि अधिग्रहण के केस अब भी लंबित

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खुली खदान परियोजना अंतर्गत पटना गांव में प्रस्तावित रोड डायवर्शन सड़क निर्माण को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को आयोजित त्रिपक्षीय बैठक में भी हल नहीं निकल पाया। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामानुजनगर अजय मोडियम की अगुवाई में पंचायत भवन पटना में प्रशासन, एसईसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बैठक आयोजित की गई, जो अंततः बेनतीजा रही।

बैठक में कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, पटना सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं प्रबंधन की तरफ से महाप्रबंधक संचालन जी.के. रॉय एवं क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (एल एंड आर) विशाल अग्रवाल उपस्थित थे।

प्रबंधन की तरफ से जी.के. रॉय ने कहा कि खदान संचालन और सुरक्षा की दृष्टि से सड़क डायवर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित लगभग 600 मीटर भूमि पूर्णतः शासकीय है, जिसका आधिपत्य प्रबंधन को मिल चुका है। इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों द्वारा विवाद कर कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि सड़क के आगे के हिस्से में दो व्यक्तियों की निजी भूमि है, जो पारिवारिक विवाद के चलते सिविल कोर्ट में लंबित है,न्यायालय के निर्णय के बाद संबंधित पक्ष को नौकरी व मुआवजा दिया जाएगा। रॉय ने बताया कि पटना गांव की लगभग 900 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जिसमें 90 प्रतिशत मुआवजा वितरित हो चुका है। 464 भू-स्वामियों को नौकरी के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें से 200 से अधिक लोगों को अब तक रोजगार दिया जा चुका है। शेष मामलों में दस्तावेज मिलने पर प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। वहीं ग्रामीण पक्ष की तरफ से पटना सरपंच ने बैठक में कहा कि प्रबंधन पहले 12 लोगों पर दर्ज एफआईआर वापस ले तथा हाल ही में निलंबित 8 कामगारों को तत्काल बहाल करे, इसके बाद ही सड़क निर्माण पर विचार किया जाएगा।इसके साथ ही प्रबंधन पर भू विस्थापितों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया व मुआवजा वितरण में लेटलतिफी करने एवं जान बूझकर प्रकरण लंबित रखने का आरोप लगाया, साथ ही बन्दूक धारी सुरक्षा कर्मियों का भय दिखाकर जबरन कार्य कराने व धमकी देने की बात कही। तत्पश्चात मामले का पटाक्षेप करने की कोशिश में लगे एसडीएम अजय मोडियम ने कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए कोयला खनन जरूरी है और किसी भी प्रकार से खदान संचालन को बाधित नहीं किया जा सकता। उन्होंने ग्रामीणों से मुआवजा और नौकरी से संबंधित शिकायतें रखने को कहा तथा बताया कि कि सड़क निर्माण कार्य सोमवार से प्रारंभ कराया जाना है। एसडीएम के इस बयान पर ग्रामीणों ने उन पर प्रबंधन के पक्ष में बोलने व एकतरफा पक्षपात करने का आरोप लगाया। करीब दो घंटे तक चली बैठक में दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी और बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। इस दौरान तहसीलदार मनहरण राठिया, एसडीओपी बी. कुजूर, थाना प्रभारी रामानुजनगर व प्रेमनगर सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिव शिष्य परिवार ने मृतक के परिजन को उपलब्ध कराई सहायता राशि

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 निवासी अरुण नागवंशी (35 वर्ष) जो शिव शिष्य परिवार से जुड़े थे। कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना के बाद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर बताई जा रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए शिव शिष्य हरिद्रानंदन फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष पंचम कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में शिव शिष्य परिवार से जुड़े लोगों ने अपनी-अपनी सामर्थ्य अनुसार थोड़ी-थोड़ी आर्थिक सहायता प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को सहयोग दिया। इस सहयोग से न केवल परिवार को आर्थिक सहारा मिला, बल्कि समाज में एकता और संवेदनशीलता का भी संदेश गया।




## विधायक ने किया बरियों चौकी भवन का भूमिपूजन

- 41.18 लाख की लागत से किया जाएगा निर्माण

**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम बरियों में नए पुलिस चौकी भवन का भूमि पूजन शुक्रवार को किया गया। 41.18 लाख की लागत से बनने वाले चौकी भवन के भूमिपूजन में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा शामिल हुई और विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने की।

इस अवसर पर सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि नए पुलिस चौकी भवन के निर्माण से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पुलिस प्रशासन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिससे आसपास के ग्रामीणों को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी। कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जिला पंचायत सदस्य अनार सिंह, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमला, मंडल महामंत्री सुनील जायसवाल, बसंती राजवाड़े, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हिमांशु, महामंत्री दीपक सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अनार सिंह, जनपद सदस्य सुमन गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, सरपंच रवि शंकर टेकाम, एसडीओपी राजपुर, थाना प्रभारी, बरियों चौकी प्रभारी, आसपास ग्राम पंचायतों के सरपंच, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## अमर्यादित बयान के विरोध में भाजयुमो ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया पुतला दहन

**रामानुजगंज।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आरएसएस एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति दिए गए अमर्यादित बयान के विरोध में रामानुजगंज मंडल के आरागाही में जिला स्तरीय पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुतला दहन भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष मंगलम पांडे के आह्वान पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महामंत्री नंदकिशोर गुप्ता तथा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अर्पित जायसवाल द्वारा की गई। इस दौरान कृष्णा गुप्ता, विक्रम गुप्ता, आकाश तिवारी, दिनेश यादव, दीपक गिरी, सोमारू मरावी, ईश्वर मल्लिक, आशीष चौबे, श्याम यादव, रविंद्र बड़ाल सहित भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जो खोना था खो चुके, 2018 जैसी सफलता पानी है : सिंहदेव

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी की नवगठित कार्यकारणी की आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करने से पहले पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कार्यकारणी के सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती के लिए कमर कस लेने को कहा। उन्होंने कहा कि सरगुजा में कांग्रेस को जो खोना था वो वह खो चुकी है, अब फिर 2018 जैसे सफलता की तैयारी में लग जाना है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और भाईचारे की कांग्रेस की विचारधारा के साथ हमे सफलता हासिल करना है। महिला आरक्षण और इसको लागू करने के लिए देश मे बढ़ने वाली विधानसभा और लोकसभा सीटों की संख्या को लेकर उन्होंने कहा कि 16 से 18 अप्रैल को महिला आरक्षण पर होने वाले संसद के सत्र के बाद देश की राजनीति में आमूल चूल बदलाव आएगा। इससे एकरूपता के लिये संगठन को तैयार रहना चाहिए। कार्यकारणी की बैठक को संबोधित करते हुए सरगुजा कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने कहा कि पंचायत/वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी के गठन में सरगुजा जिला पूरे प्रदेश में अग्रणी है। ये कमेटियां और इसके पदाधिकारी पार्टी के फ्रंटलाइन सिपाही होंगे। कांग्रेस की चुनावी चुनौतियों की महती जिम्मेदारी इनके कंधे पर रहेगी। सरगुजा जिले की नवगठित कमेटी और ब्लॉक अध्यक्षों के समक्ष महिला अत्याचारों के प्रतिवाद को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने अम्बिकापुर शहर की तर्ज पर सरगुजा जिले के सभी क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भले ही महामाया प्रवेश द्वार के पास हुए अपराध का अपराधी पकड़ा गया है लेकिन खराब कानून व्यवस्था के कारण महिलाओं के विरुद्ध जारी अपराधों में कमी नहीं आई है। समाज को जागरूक करने और व्यवस्था सुधारने के लिए यह हस्ताक्षर अभियान सरगुजा के घर घर तक ले जाया जायेगा। जिला कांग्रेस की इस बैठक को पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, पीसीसी महामंत्री जेपी श्रीवास्तव एवं निगम में नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद ने भी सम्बोधित किया।






**सिंहदेव के नेतृत्व में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण**

कांग्रेस की नवगठित जिला कार्यकारिणी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मीडिया द्वारा युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किये जाने के विषय में पूछे जाने पर उन्होंने इसी चौक पर अनावरण से संबंधित लगे एक बैनर की ओर इशारा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से शहीद चंद्रशेखर आजाद की गरिमा के विपरीत इस पूरे आयोजन को किया गया उससे युवा उद्वेलित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं को धैर्य के साथ उचित कार्य करना चाहिए। गलत बात का उचित प्रतिवाद होना चाहिए। शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने भाजपा नेता स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि अनावरण कार्यक्रम का आमंत्रण उन्हें नहीं मिला, हालांकि श्रीमती रजनी त्रिपाठी द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया था। शहर में मौजूद नहीं होने के कारण वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर हॉस्टल संपर्क अभियान में छात्रों से की गई चर्चा

रामानुजगंज। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज हॉस्टल संपर्क अभियान के तहत भवरमाल स्थित छात्रावास में छात्राओं से संपर्क एवं संवाद किया गया। इस दौरान छात्राओं से देश एवं राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। साथ ही छात्रावास की व्यवस्थाओं एवं समस्याओं पर भी संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझा गया, ताकि आगामी समय में इन कमियों को दूर कर बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। इस अवसर दौरान युवा मोर्चा के महामंत्री विक्रम गुप्ता, आकाश तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश यादव, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी दीपक गिरी,बीडीसी सुशीला खलखो, मंत्री सोमरू मरावी, कन्या शक्ति संयोजिका आरती कश्यप एवं नैना खलखो, रामप्रकाश मरावी, अमित गुप्ता एवं हॉस्टल अधीक्षक रोहिणी उपस्थित रहे।

## रेहर भूमिगत खदान के कर्मचारियों का 13 से 20 अप्रैल तक होगा स्वास्थ्य परीक्षण

- केंद्रीय अस्पताल में लगाया जायेगा मेडिकल कैंप

**बिश्रामपुर।** रेहर भूमिगत खदान प्रबंधन ने अपने कोल कर्मचारियों के लिए आवधिक चिकित्सीय परीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है, जिसके तहत 13 से 20 अप्रैल तक चरणबद्ध तरीके से कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में किया जाएगा। उक्त अभियान को खदानों में काम करने वाले श्रमिकों की जिंदगी और सुरक्षा से जुड़ा एहम कदम माना जा रहा है,खदानों में लगातार धूल, गैस, कंपन और भारी मशीनों के बीच काम करने वाले कर्मचारियों के लिए यह जांच एक सेफ्टी कवच की तरह देखी जा रही है,प्रबंधन द्वारा जारी सूची में कुल 15 से अधिक कर्मचारियों को अलग-अलग तिथियों पर बुलाया गया है।

13 अप्रैल को लक्ष्मण, सुरेंद्र प्रसाद और बलगोविंद जैसे कर्मचारियों का परीक्षण होगा,15 अप्रैल को राजू सिंह, शुभ नारायण और रामसाय राजवाड़े सहित अन्य कर्मचारी जांच के लिए पहुंचेंगे,16 अप्रैल को राम नारायण और रेवाल सिंह का नंबर तय किया गया है। 17 अप्रैल को मुंशीलाल पटेल, शिव नारायण और नन्केश्वर की जांच होगी,20 अप्रैल को अंतिम चरण में रणवीर सिंह राणा, शिव बालक, देव शरण और धरमपाल का परीक्षण किया जाएगा। इसी प्रकार हर कर्मचारी की उसकी पाली अनुसार समय और तारीख निर्धारित की गई है, ताकि अस्पताल में भीड़ जमा न हो और जांच प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। खदान प्रबंधन ने इस बार स्पष्ट कर दिया है कि पीएमई में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे रेहर के कार्यालय से फॉर्म प्राप्त कर निर्धारित दिनांक पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। यदि कोई कर्मचारी बिना उचित कारण के मेडिकल जांच नहीं कराता है, तो उसे उस दिन ड्यूटी में अनुपस्थित माना जाएगा। इसका सीधा असर वेतन, सेवा रिकॉर्ड और भविष्य की पदोन्नति पर भी पड़ सकता है। ज्ञात हो कि खदानों में काम करना सामान्य नौकरी से कहीं अधिक जोखिम भरा होता है। यहां काम करने वाले कर्मचारियों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बना रहता है।

## फसल क्षति मुआवजा निर्धारण में लापरवाही पर राजस्व निरीक्षक और पटवारी निलंबित

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के मामले में एक राजस्व निरीक्षक और एक पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार, ग्राम उरंगा-बरिमा (तहसील मैनपाट) में छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अधिग्रहित भूमि की फसल क्षति मुआवजा निर्धारण का दायित्व राजस्व निरीक्षक श्रीमती संगीता भगत और पटवारी चन्द्रदेव मिर्रे को सौंपा गया था। जांच में पाया गया कि उक्त कर्मचारियों द्वारा मूल (सेटलमेंट) रकबा से अधिक रकबा दर्ज किया गया। साथ ही मुआवजा अवधि के दौरान भूमि का क्रय-विक्रय कर ऑनलाइन अभिलेख दुरुस्त किए गए और पुनः मूल भूमि स्वामी के नाम से त्रुटिपूर्ण गणना पत्रक तैयार कर प्रस्तुत किया गया। इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा 18 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस के भीतर जवाब मांगा गया था। दोनों कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाए गए। उनके इस कृत्य को छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत मानते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत राजस्व निरीक्षक श्रीमती संगीता भगत व पटवारी चन्द्रदेव मिर्रे को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती संगीता भगत का मुख्यालय 'कार्यालय भू-अभिलेख सरगुजा तथा चन्द्रदेव मिर्रे का मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार उदयपुर नियत किया गया है।

## बेटे ने फुलकी नहीं खिलाई तो पिता ने तीर से किया जानलेवा हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** फुलकी दुकान कर रहे बेटा ने फुलकी नहीं खिलाया तो पिता इस कदर नाराज हुआ की अपने पास रखे धनुष से तीर चलाकर बेटा पर जानलेवा हमला कर दिया। तीर लगने से गंभीर हुए बेटा को रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है पिता-पुत्र दोनों शराब के नशे में धुत थे।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बड़ा दमाली निवासी राजेश (28 वर्ष) गांव में ही फुलकी दुकान लगाता है। शुक्रवार को पिता अपने साथ के साथ शराब पीकर बेटा के फुलकी दुकान में पहुंचा और बेटा को फुलकी खिलाने की बात कही। जिस पर राजेश से फुलकी खिलाने से मना कर दिया। बेटा के मना करने तथा फुलकी नहीं खिलाने से दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता ने अपने पास रखे धनुष से बेटा पर तीन से जानलेवा हमला कर दिया। तीर लगने से राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक तीर से हमला करने तथा युवक के गंभीर रूप से घायल हो जाने पर गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक के शरीर में धंसे तीर को बाहर निकाला वहीं गांव के लोगों ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 को दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच चादर के सहारे घायल को किसी तरह वाहन तक लेकर गए और तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रेफर कर दिया है।

### पागल कुत्ता के काटने से घायल ग्रामीण की एक माह बाद मौत

खड़गवां अंतर्गत ग्राम ठगगांव निवासी शिव प्रसाद आ. शिव बालक अधीर (35 वर्ष) पिछले माह होली के दिन गांव में घूम रहा था। इसी दौरान एक पागल कुत्ता ने ग्रामीण पर हमला कर उसके कंधे में काट लिया। कुत्ता के काटने की जानकारी ग्रामीण परिजन को नहीं दी और जड़ी बूटी से इलाज कराने लगा। एक माह बाद 9 अप्रैल को कंधे में दर्द बढ़ जाने पर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# फिल्म 'मातृभूमि' से नया गाना जारी, नए चेहरे आए नजर...

**मुंबई।** सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर खबरों में छाए हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले अप्रैल, 2026 में रिलीज होनी थी, लेकिन अब रिलीज अगस्त तक आगे बढ़ा दी गई है। इस बीच, अभिनेता ने लोगों में फिल्म का उत्साह बनाए रखने के लिए नया गाना 'मेरा जी नहीं भरा' जारी किया है। हालांकि, इसमें चित्रांगदा सिंह के साथ वह खुद नजर नहीं आए हैं, बल्कि 2 नए चेहरों का परिचय कराया गया है। 'मेरा जी नहीं भरा' गाने को श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। यह गाना 2 नए चेहरों जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया है, जो फिल्म में अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## लाइफ Style



# कल्याणी

## मधुबाला की बायोपिक में निभाएंगी लीड रोल

पर्दे पर भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत अदाकारा मधुबाला की जिंदगी को उतारने की तैयारी तेज हो गई है। लंबे समय से चर्चा थी कि फिल्म 'धुरंधर 2' फेम सारा अर्जुन इस बायोपिक में लीड रोल निभाएंगी, लेकिन अब कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अर्जुन की जगह अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन के नाम पर मोहर लगा दी गई है। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत करेंगी, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा अभिनीत बेहतरीन फिल्म 'डार्लिंग्स' का निर्देशन किया था। प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने जूम को बताया कि भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक को भव्य श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई जा रही इस फिल्म के निर्माता, कल्याणी को कास्ट करने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'लोकाह' की अखिल भारतीय सफलता के बाद कल्याणी निर्माताओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। अभिनेत्री की बढ़ती लोकप्रियता, उनकी स्वाभाविक मासूमियत और पर्दे पर उनके जादू ने उन्हें इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए एकदम फिट बना दिया है। कल्याणी मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेत्री लिजी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2017 में अखिल अक्किनेनी के साथ फिल्म 'हेलो' से की थी। उन्होंने यूं तो कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों के दिल जीते, लेकिन पिछली बार डोमिनी अरुण की फिल्म ' 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' से वो रातों-रात स्टार बन गई थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर- ट्रैविस की शादी की तारीख तय

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स के साथ अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि उन्होंने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं, दोनों ने शादी में शामिल होने के लिए करीबी दोस्तों और परिवार को 'सेव द डेट' निमंत्रण भी भेज दिए हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है।



# 'एक्सट्रैक्शन 3' के साथ वापसी करेंगे हेम्सवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों में 'थॉर' बनकर लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी चर्चित फ्रैंचाइजी फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' की तीसरी कड़ी की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सैम हरग्रेव ने संभाली है, जिन्होंने पहली 2 फिल्मों का निर्देशन भी किया था। पटकथा डेविड वेइल द्वारा लिखी जा रही है। 'एक्सट्रैक्शन 3' के जरिए क्रिस अपने लोकप्रिय किरदार 'टायलर रेक' के साथ वापसी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'एक्सट्रैक्शन 3' के प्रोडक्शन का काम जून, 2026 में शुरू किया जा सकता है। फिल्म की शूटिंग के लिए निर्माताओं ने मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के कुछ हिस्सों की रेकी की है।



# विक्की की 'महावतार' में होंगी शामिल

**मुंबई।** 'स्त्री' फ्रैंचाइजी के निर्देशक अमर कौशिक अपनी महात्वकांक्षी परियोजना 'महावतार' के लिए श्रद्धा कपूर से बाचीत कर रहे हैं। अगर सब कुछ तय हो जाता है तो फिल्म की शूटिंग जून, 2026 से शुरू की जा सकती है। सूत्र ने कहा, श्रद्धा इस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। टीम ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थी जो स्टार वैल्यू और दमदार उपस्थिति ला सके। निर्माताओं को उम्मीद है कि विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी।विक्की कौशल के लिए साल 2025 बेहद शानदार साबित हुआ। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने भारत में करीब 800 करोड़ के आसपास कारोबार करते हुए उन्हें सफलता दिलाई। अब फैंस की नजरें अभिनेता की अगली फिल्म 'महावतार' पर टिकी हुई हैं। म



# मां को बचाने एक बेटे की जद्दोजहद...

**मुंबई।** आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म 'मर्सी' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने 'मर्सी' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। 'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहद करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है।

## टीवी मसाला



# रामायण का 'कुंभकर्ण', जिसकी मौत पर रोई पूरी दुनिया...

**मुंबई।** टीवी इतिहास के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक रामायण में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपने किरदारों को अमर बना दिया इन्हीं में से एक थे नलिन दवे, जिन्होंने कुंभकर्ण का रोल निभाकर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। उनकी दमदार एक्टिंग का असर ऐसा था कि लॉकडाउन के दौरान जब शो दोबारा प्रसारित हुआ, तो कुंभकर्ण के वध का दृश्य देख लोग भावुक हो उठे। अफसोस की बात यह है कि इतनी लोकप्रियता पाने वाले नलिन दवे आज इस दुनिया में नहीं हैं और महज 50 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

### कुंभकर्ण बनकर मिली अलग पहचान

नलिन दवे मूल रूप से गुजराती फिल्म इंडस्ट्री और थिएटर से जुड़े हुए थे। उन्होंने कई फिल्मों और नाटकों में काम किया, लेकिन जो पहचान उन्हें कुंभकर्ण के किरदार से मिली, वह किसी और प्रोजेक्ट से नहीं मिल सकी। उनके मजबूत शरीर और भारी आवाज ने इस किरदार को जीवंत बना दिया। 'कुंभकर्ण' सिर्फ एक राक्षस नहीं बल्कि समझदार और सच्चाई बोलने वाला भाई भी दिखाया गया, जिसने रावण को कई बार समझाने की कोशिश की। यही वजह रही कि दर्शकों ने इस किरदार को दिल से अपनाया और आज भी उसे याद करते हैं।

### ऐसे शूट हुआ था कुंभकर्ण का वध सीन

रामानंद सागर के निर्देशन में बने इस शो में उस दौर की सीमित तकनीक के बावजूद कमाल के इफेक्ट्स दिखाए गए। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने खुलासा किया था कि कुंभकर्ण के वध वाले सीन में क्रोमा तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। शरीर के अलग-अलग हिस्सों को दिखाने के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस से हाथ, सिर और धड़ के मोल्ड तैयार किए गए थे। जब तीर लगने का दृश्य फिल्माया गया, तो ये मोल्ड अलग-अलग गिरते हुए दिखाए गए। सिर काटने के सीन के लिए पानी के टैंक और क्रोमा इफेक्ट का सहारा लिया गया। सीमित संसाधनों के बावजूद इस सीन को इतनी बारीकी से शूट किया गया कि आज भी यह दृश्य दर्शकों को भावुक कर देता है।

# रैना के शो 'स्टिल अलाइव' ने मचाया तहलका...

**मुंबई।** चर्चित स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर खबरों में छाए हुए हैं। इसकी वजह यूट्यूब की दुनिया में उनकी धमाकेदार वापसी है, जो साल 2025 में हुए 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। करीब एक साल से ज्यादा वक्त तक स्टैंड-अप कॉमेडी से दूर रहने के बाद रैना ने अपने नए शो 'स्टिल अलाइव' से वापसी की। दिलचस्प बात ये है कि उनके इस नए शो ने इंटरनेट पर धूम मचाकर रख दी है।

***24 घंटे में मिले करोड़ों व्यूज***

:'स्टिल अलाइव' को कॉमेडियन के यूट्यूब चैनल पर 7 अप्रैल को रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो ने 24 घंटे के अंदर 2.20 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल करते हुए भारतीय यूट्यूब कॉमेडी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वीडियो ने यूट्यूब पर 2.40 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो उनके अभी तक किसी भी वीडियो को मिले व्यूज के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।



***'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का दिया संकेत***

: 'स्टिल अलाइव' के जरिए रैना ने फैंस को अपने मुश्किल वक्त की दास्तां सुनाई है। शो के आखिर में वह भावुक भी हो गए और 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद के बाद अपने संघर्ष का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक वीडियो की वजह से उन्हें लोगों की ट्रोलिंग और धमकियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, फैंस उस वक्त खुश हो गए, जब उन्होंने वीडियो के आखिर में 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का संकेत दिया।

# सनी देओल की नई फिल्म 'लखन', वही गुस्सा; वही पावर और 'सीटी-मार' एक्शन का नया डोज

**मुंबई।** 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी अगली एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए 'किल' के निर्देशक निखिल नागेश भट्ट के साथ हाथ मिलाया है, जिसका नाम 'लखन' रखा गया है। सनी एक बार फिर अपने धाकड़ अवतार से दर्शकों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म की शूटिंग के लिए कमर कस चुके हैं।

### सिनेमाघरों में फिर बजेंगी सीटियां

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लखन' में सनी का वही पुराना और रौद्र रूप लौटने वाला है। इस फिल्म को एक भव्य एक्शन एंटरटेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें



रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस और दमदार डायलॉग्स की भरमार होगी। फिल्म में कई ऐसे दृश्य होंगे, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में झूमने पर मजबूर कर देंगे। निर्देशक ल्म के जरिए सनी को फिर उनके पूरे 'एक्शन मोड' में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

फिल्म के निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग, एक्शन डिजाइन और प्री-प्रोडक्शन का काम काफी तेज गति से चल रहा है। एक सूत्र ने खुलासा किया, ये एक बड़े स्तर की एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जो हाई-एनर्जी और दर्शकों को खुश करने वाले पलों से भरपूर होगी। इसमें सनी देओल के कई ऐसे सीक्वेंस होंगे, जिन्हें देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

### एक में 'लखन' और 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी

एक तरफ जहां सनी अपनी फिल्म 'लखन' से एक्शन के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वो नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म 'रामायण' को लेकर भी चर्चा में हैं। ये महागाथा 2 भागों में रिलीज की जाएगी, जिसमें सनी 'भगवान हनुमान' के बेहद शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर (राम), साईं पल्लवी (सीता), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए अप्रैल महीने में उत्सव

# रामचरण का टशन और अक्षय की कॉमेडी, इन फिल्मों पर टिकीं सबकी निगाहें

*__मुंबई।__ अप्रैल का महीना भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' के साथ हंसी का तड़का लगेगा, तो वहीं ग्लोबल स्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' से एक्शन का तूफान आएगा। अप्रैल यानी इस महीने कुल 7 ऐसी बड़ी फिल्में दर्शकों के बीच होंगी, जिन पर दर्शकों और ट्रेड पंडितों की पैनी निगाहें टिकी हुई हैं।*

### 'डकैत' और 'लव इंश्योरेंस कंपनी'

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत 'डकैत' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। ये मूल रूप से तेलुगू फिल्म है, जिसे बड़े स्तर पर हिंदी में भी रिलीज किया गया है। 'डकैत' के साथ ही निर्देशक विग्नेश शिवन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' भी रिलीज हुई है, जिसमें प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'लव टूडे' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद प्रदीप रंगनाथन फिर अपने अनूठे अंदाज में लौट आए हैं।

### 'भूत बंगला'

सिनेमा प्रेमियों के लिए 17 अप्रैल की तारीख भी बेहद खास होने वाली है, क्योंकि इस दिन 'भूत बंगला' के साथ बॉलीवुड की सबसे सफल जोड़ियों में से एक अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन पूरे 14 साल के लंबे इंतजार के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित ये फिल्म हॉरर-कॉमेडी जॉनर की है, जिसमें अक्षय दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ डराएंगे भी। राजपाल यादव और परेश रावल भी इसका हिस्सा हैं।



### 'पेड्डी'

आरआरआर की वैश्विक सफलता के बाद राम चरण फिर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और शारीरिक कायाकल्प से दर्शकों को हैरान करने आ रहे हैं। इस फिल्म में वो एक पहलवान की भूमिका में हैं। जाह्नवी कपूर फिल्म की हीरोइन हैं। ये फिल्म भी 30 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण का अलग अवतार पहले ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है।

### 'कारा' और 'केडीः द डेविल'

उधर 30 अप्रैल को आ रही 'कारा' एक ऐसी क्राइम एक्शन थ्रिलर है, जिसमें धनुष की कलाकारी और विग्नेश राजा की बेहतरीन रोमांचक मेकिंग का तालमेल दिखेगा। 'रायन' के बाद धनुष की इस फिल्म पर पूरे दक्षिण भारतीय सिनेमा की नजरें टिकी हुई हैं। दूसरी ओर कन्नड़ इंडस्ट्री अपना अगला बड़ा पैन-इंडिया दांव 'केडीः द डेविल' के रूप में चलने जा रही है। फिल्म में ध्रुव सरजा और बॉलीवुड से संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्रीकृत परीक्षा के संपन्न होने उपरांत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में स्थापित मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा उपस्थित मूल्यांकनकर्ताओं से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मूल्यांकन कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ किया जाए, जिससे विद्यार्थियों के परिणामों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके,जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने मूल्यांकन प्रक्रिया में सावधानी बरतने, उत्तर पुस्तिकाओं के सही आकलन तथा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन कार्य शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी, उन्होंने निर्देशित किया है कि वर्तमान में अधिकांश शिक्षकों को आगामी दिनों में जनगणना प्रशिक्षण में जाना है, ऐसी स्थिति में मूल्यांकन कार्य को और अधिक गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निरंतर किया जाना आवश्यक है ताकि मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को निर्देश दिया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा आपसी समन्वय बनाकर कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करें, जिससे परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें। इस अवसर पर मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकन केंद्र प्रभारी आशीष भट्टाचार्य, सहायक परियोजना समन्वयक सोभनाथ चौबे, व्याख्याता सुनील दत्त तिवारी, जनशिक्षक गौरीशंकर पांडेय, पंकज सिंह, विजेंद्र जायसवाल, महेंद्र राजवाड़े, सुशील राजवाड़े, आदित्य यादव, नेल्सन बेक, नरेंद्र सिंह, दया सिंधु मिश्रा एवं मुख्य परीक्षक गण एवं कार्यरत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### अभा अघरिया समाज तमनार की हुई बैठक

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार की बैठक 11 अप्रैल को ग्राम जांजगीर परिक्षेत्र आमगांव में हुई। इस मौके पर दुलेन्द्र पटेल ने विषयों की जानकारी एवं दिनेश चौधरी ने सामाजिक कार्यशाला आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्राम लालपुर में आयोजित बालसभा में लिए गए निर्णयानुसार सामाजिक नियमावली के परिपालन के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का आयोजन के बारे में बताया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा व कार्यशाला करने का निर्णय लिया गया।

### मरीजों ने ओपीडी में तैनात चिकित्सक पर लगाया पर्ची लिखने पर पैसा लेने का आरोप

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शांतिपारा में भारी अव्यवस्था, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

**खास बात**

- बड़ी संख्या में हर रोज पहुंचे है मरीज




ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए विकासखंड में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है जिसका लाभ क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलता है। लेकिन कई ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां भारी अव्यवस्था होने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत कुछ ऐसी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में बैठे आयुष डॉक्टर द्वारा मरीजों से पर्ची लिखने में पैसा लेने का मामला सामने आया है। परिजन ने चिकित्सक पर पर्ची लिखने पर पैसा लेने का आरोप लगाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली की दशा व दिशा बदल चुकी है जहां पिछले साल मरीज इलाज के लिए भटकते नजर आ रहे थे वहीं अस्पताल में फैली अव्यवस्था के बीच ओपीडी में तैनात घुटरापारा अस्पताल में तैनात बतौली निवासी आयुष डॉक्टर वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली ओपीडी में बैठ रहे है जो इलाज कराने आ रहे प्रत्येक मरीजों से पर्ची लिखने के नाम पर 100 रुपए की अवैध उगाही कर रहे है। जब राशि के बारे में पूछने पर खुलेआम मरीज को धमकी भी दिया जा रहा है जिसका सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहा है। गत दिन जब इलाज कराने मरीज जीवन ज्योति समिति में 10 रुपए की पर्ची कटा ओपीडी में बैठे चिकित्सक के पास अपनी बीमारी बता पर्ची लिखवाया गया तो चिकित्सक द्वारा पर्ची में दवाइयों के नाम लिखने के 100 रुपए प्रत्येक मरीजों को देना पड़ रहा है। बड़ी विडंबना है कि शासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों को इलाज

#### जांच कराने की मांग

जब मरीज पैसा लेने की बात सामने आई तो बजरंग दल के मोनू तिवारी, सुमित उपाध्याय अस्पताल पहुंच डॉक्टर से सवाल करने लगे तो चिकित्सक धमकी देने लगे इतना ही नहीं ऊंची पहुंच होने की बात कही। इधर जब डॉक्टर को वीडियो बनाने की बात का पता चला तो वे माफी भी मांगने लगे। बजरंग दल के मोनू तिवारी ने घटना की जांच कराने तथा जांच उपरांत कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर 42 ग्राम पंचायत

बतौली क्षेत्र के 42 ग्राम पंचायत के ग्रामीण बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। हर रोज क्षेत्र के लोग अपने बीमार परिजन के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आते है। परंतु यहां अटैच में पदस्थ चिकित्सक मरीजों की भावनाओं से खेलते हुए अवैध उगाही में लगे हुए है। ऐसे में बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमा गई है। हालांकि पूर्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के औचक निरीक्षण के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुधार आया था लेकिन अब फिर से पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई।

#### कराई जाएगी जांच

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक अगर अस्पताल जांच कराने वाले मरीज से पर्ची लिखने पर पैसा लिया जाता है तो गलत है। मामले की जांच कराई जाएगी। मामला सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. प्रेम सिंह मार्को, सीएमएचओ

## 13 वर्षों से फरार चल रहा नक्सली झारखंड से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मारपीट व गोली चलाने के मामले में चल रहा था फरार

बलरामपुर पुलिस ने नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। सामरीपाठ पुलिस ने 13 वर्षों से फरार चल रहे माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य स्थायी वारंटी मुन्ना कोरवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। माओवादी संगठन के सदस्य को पुलिस ने झारखण्ड के भंडरिया से पकड़ा है।

बताया जा रहा है कि 9-10 फरवरी 2012 की रात नक्सलियों ने झारखंड के लातेहार महुआडांड भुगलूडीह हाल कुमार कुसमी के ग्राम पुन्दाग निवासी 25 वर्षीय लखु यादव आ. लक्ष्मण यादव को बंधक बनाकर मारपीट की थी। उस दौरान नक्सली दस्ता में मुख्य सदस्य गढ़वा भंडरिया सरूवत निवासी 25 वर्षीय इकबाल यादव आ. मिट्ठू यादव की बात लखू यादव द्वारा नहीं मानने परनक्सलियों ने लखू यादव पर गोली चलाई थी लेकिन वह किसी तरह भाग निकला और अपनी जन बचाई। लखू यादव ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद सामरीपाठ थाना में पुलिस ने भादवि की धारा 147, 148, 149, 342, 395, 307, 232, 120 (बी) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले की जांच के दौरान 30 मई 2012 को पुलिस ने अभियोग तैयार कर न्यायालय रामानुजगंज में पेश किया था। इस दौरान न्यायालय द्वारा फरार आरोपियों के खिलाफ स्थायी वांरट जारी किया था। इसी प्रकरण में स्थायी वारंटी झारखंड के लातेहार भंडरिया टेहडी निवासी 33 वर्षीय मुन्ना कोरवा पिता भोगड़ो कोरवा 12-13 वर्षों से फरार चल रहा था। नक्सली वारदात के मामले में फरार चल रहे आरोपी के संबंध में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने गांव में छिपा हुआ है। सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में पुलिस टीम को झारखंड रवाना किया गया था। इस दौरान पुलिस टीम ने भंडरिया के ग्राम टेहड़ी में घेराबंदी कर फरार चल रहे आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सामरीपाठ विजय प्रताप सिंह, सउनि आनन्द मसीह तिर्की, प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक मोतीराम राजवाड़े, ओमकार रजक एवं अजय कुमार सक्रिय रहे।

# अवैध संबंध के शक पर की थी प्रेमिका से दुष्कर्म के बाद हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के महामाया प्रवेश द्वार सद्भावना चौक के समीप महिला से दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या करने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी महिला का प्रेमी ही निकला। दोनों के बीच छह वर्षों से प्रेम संबंध था। इस दौरान आरोपी को महिला के दूसरे व्यक्ति से प्रेम प्रसंग का शक था और इसी वजह से दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी बिश्रामपुर तक पैदल ही रेलवे ट्रैक के सहारे पहुंचा और फिर ट्रेन में बैठकर नागपुर व वहां से चिरमिरी भाग गया था।

3 अप्रैल की रात शहर के सद्भावना चौक के समीप महिला की जघन्य हत्या के मामले का शनिवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने खुलासा किया है। एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि आरोपी मूलतः सूरजपुर जिले के प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम मकनपुर का रहने वाला है और पिछले 6-7 वर्षों से शहर में रहकर लेबर कुली और कचरा बिनने का काम करता था। इसी दौरान आरोपी 30 वर्षीय छोटू उर्फ मिथुन उर्फ राम सिंह आ. बाबूलाल उर्फ कानू की पहचान मृतिका से हुई थी। मृतिका भी मजदूरी का काम करती थी। परिचय होने के बाद आरोपी और मृतिका साथ में रहते थे इस दौरान दोनों के बीच संबंध बन गया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे हाल ही में पता चला था कि मृतिका का किसी अन्य व्यक्ति से भी संबंध है और इसी बात को लेकर वह उसपर गुस्सा था। 2 अप्रैल के दिन भी दोनों ने साथ में प्लास्टिक कचरा बिना और कचरा बेचने से मिले पैसे से दारु और चखना खरीदा। दोनों ने साथ में दारु पीया और उसके बाद घूमते हुए सद्भवना चौक के समीप मछली दुकान के झाला में जाकर बोरा बिछाकर सोने लगे। इस दौरान आरोपी मिथुन उर्फ राम सिंह ने महिला से उसके अवैध संबंध के बारे में पूछताछ की तो महिला भड़क गई और विवाद करने लगी। विवाद होने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और फिर पटककर मारने के साथ ही लात मुक्का से मारकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया।



#### की गई थी 35 हजार के इनाम की घोषणा

एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आईजी दीपक झा की ओर से 30 व एसएसपी सरगुजा की ओर से 5 हजार के इनाम की घोषणा की गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आईजी दीपक झा का भी नियमित रूप से मार्गदर्शन मिलता रहा। जघन्य हत्या से शहर के लोगों में आक्रोश का माहौल था। पुलिस टीम ने भी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कड़ी मेहनत की।

#### इस तरह फरार हुआ आरोपी

एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि घटना के बाद आरोपी भागकर समलाया मंदिर के पास गया, वहा से सदभावना चौक, चांदनी चौक, प्रतापपुर नाका होते हुए अंबिकापुर रेल्वे स्टेशन पहुंचा जहां से पैदल रेल्वे पटरी से होते हुए कमलपुर, बिश्रामपुर पहुंचा, बिश्रामपुर से ट्रेन मे बैठकर नागपुर गया, बाद नागपुर से सवारी जीप मे बैठकर चिरमिरी चला गया था। इस बीच चिरमिरी पुलिस ने पहले से सर्कुलेट किए गए आरोपी के फोटो के आधार पर उसकी पहचान की। घटना के दौरान भी आरोपी वही कपड़े पहले हुए था जिसे पहनकर उसने घटना को अंजाम दिया था। चिरमिरी से पुलिस आरोपी छोटू उर्फ मिथुन उर्फ राम सिंह को पकड़कर सरगुजा लाइ जहां पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार की। एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि आरोपी मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ है। आरोपी के खिलाफ प्रतापपुर थाना में पूर्व में चोरी व अन्य अपराध भी दर्ज है।

#### पीछा करने 25 किमी पैदल चली पुलिस

एसएसपी श्री अग्रवाल ने घटना की सूचना मिलने बाद से ही एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में साइबर सेल समेत 4 पुलिस टीम का गठन कर घटना की जांच शुरू कर दी गई थी। पीएम रिपोर्ट में महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या की पुष्टि होने पर कोतवाली पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 64(2), 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस की जांच में मृतिका की शिनाख्त होने के बाद लाश परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही घटना दिवस की रात महिला संदेही युवक के साथ घटना स्थल की ओर जाती हुई नजर आई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस ने हजारों की संख्या में सीसीटीवी फुटेज की जांच की।

## आंगनबाड़ी केवल पोषण नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की पाठशाला बनें : राजवाड़े

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें संस्कार निर्माण की पाठशाला के रूप में विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के सर्वांगीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जिसमें दिए गए संस्कार जीवनभर उनकी सोच और व्यवहार को दिशा देते हैं। मंत्री राजवाड़े अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में राज्य शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र के ईसीसीई के राज्य स्तरीय रिसोर्स पर्सन एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रही थीं। बैठक में प्रदेश के 52,518 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को संस्कारपरक शिक्षा से जोड़ने के लिए ठोस पहल करने पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे का पहला विद्यालय उसका घर और आंगनबाड़ी होता है, इसलिए यहां दी जाने वाली शिक्षा में भारतीय जीवन मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों में इस प्रकार की शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कई व्यवहारिक सुझाव दिए। उन्होंने दिन की शुरुआत प्रार्थना, योग और प्राणायाम से करने, पंचतंत्र एवं लोक कथाओं के माध्यम से नैतिक शिक्षा देने, त्योहारों और महापुरुषों की जयंती के जरिए सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने, तथा दैनिक व्यवहार में नमस्ते, स्वच्छता और अनुशासन को शामिल करने पर बल दिया। बच्चों में श्रम के प्रति सम्मान और प्रकृति प्रेम विकसित करने के लिए पौधारोपण एवं स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे कार्यों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की बात कही।

## सड़क हादसे में मैनेजर समेत दो की मौत

**रायगढ़।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसे में असिस्टेंट मैनेजर समेत दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पहली घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बरौद कॉलरी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ मुकेश कुमार पटेल 50 साल की मौत हो गई। बताया जाता है कि बरौद कॉलरी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत मुकेश पटेल और डिप्टी मैनेजर दिनेश कुमार कश्यप मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 एएम 8047 में सवार होकर बरौद कॉलरी घरघोड़ा के लिए निकले थे। इसी बीच पूंजीपथरा के पास पीछे की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मुकेश कुमार पटेल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत केबिनेट मंत्री ने गांवों में लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर



प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की मौजूदगी में ग्राम पंचायत बतरा में 31 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की,कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नवप्रवेशित सदस्यों को अपने हाथों से भाजपा का पारम्परिक गमछा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।इस दौरान लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की विचारधारा से प्रेरित एक जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यशैली और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण लोग स्वेच्छा से भाजपा से जुड़ रहे हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने नव सदस्यों से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने विधानसभा क्षेत्र में भी जनसंपर्क अभियान चलाया हूआ है,उन्होंने ग्राम बतरा मंडल भटगांव, धरतीपारा, महेशपुर और तुलसी जैसे गांवों का दौरा कर सीधे ग्रामीणों से संवाद किया। हर गांव में उन्होंने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए,मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हनुमान मंदिर परिसर...

नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, धर्मेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उनके साथ काफी संख्या में महिलाएं, पुरूष एवं बच्चे भी शामिल हुए। आयोजन समिति के सदस्यों के अथक प्रयास और क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह भव्य श्याम कथा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया। समापन दिवस पर विशेष पूजन, आरती और भंडारे का आयोजन किया गया, इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा मंदिर परिसर जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। भगवान श्याम की भव्य झांकी और आकर्षक सजावट ने सभी का मन मोह लिया। कथा व्यास अजय कृष्ण ने अपने अंतिम प्रवचन में कहा कि भगवान श्याम अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और विश्वास से प्रसन्न होते हैं। उन्होंने जीवन में धर्म, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि सच्ची भक्ति ही जीवन को सार्थक बनाती है। वहीं आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही आयोजन संभव हो सका। समिति ने भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस भव्य श्याम कथा ने शिवपुर चरचा क्षेत्र में धार्मिक चेतना का संचार करते हुए लोगों के मन में भक्ति, आस्था और एकता का संदेश छोड़ा, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्याम की कथा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है।

### अंतिम छोर के...

बुजुर्गों और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी एक बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। इस आधुनिक चिल्ड्रन पार्क के शुरू होने से नन्हें-मुन्नों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं स्थानीय अभिभावकों ने भी नगरपालिका के इस कदम की सराहना की है। वहीं वार्ड क्रमांक 1 में 25.76 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण हुआ।

# साइबर फ्राड व धोखाधड़ी के मामले में लिप्त आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

साइबर फ्राड व धोखाधड़ी के मामले में लिप्त आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम दवना निवासी विजय प्रताप ने 29 अक्टूबर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि भूपेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा एसईसीएल में नौकरी लगवाने के नाम पर 16 फरवरी.2024 से वर्ष 2025 के बीच 20 हजार रुपये, रिश्तेदार रतन सिंह से 35 हजार रुपये कुल 55 हजार रुपये लिया। नौकरी नहीं लगने पर पैसा वापस मांगने पर टालमटोल करने लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 420 के महत अपराध दर्ज किया गया। वहीं दूसरे मामले में भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल में विभिन्न बैंक शाखाओं में संचालित लेयर-1 पर कारवार्ठ करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से शिकायत प्राप्त हुआ जिसमें म्यूल अकाउंट खाता धारक भूपेन्द्र विश्वकर्मा के आईडीबीआई बैंक के एकाउंड शामिल थे। जांच उपरान्त साइबर फ्राड से संबंधित शिकायत में भूपेन्द्र के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 317(4), 318(2), 61(2)(ए) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने धोखाधड़ी व ऑनलाईन सायबर फ्राड के मामलों की विवेचना गंभीरता से करते हुए आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस आरोपी की लगातार पतासाजी में लगी थी। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आरोपी ग्राम रूनियाडीह निवासी भूपेन्द्र विश्वकर्मा आ. बंशीलाल विश्वकर्मा (40 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विजय प्रताप व अन्य लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर रूपए लिया और अपने शौक को पूरा करने में रूपए को खर्च कर दिया। साथ ही साइबर फ्राड गिरोह के एक व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम व सीम को 5 हजार रूपये लेकर दिया है तथा उससे प्रत्येक माह 5 हजार रूपये लिया करता था। आरोपी द्वारा अपना बैंक खाता को विभिन्न राज्यों में साइबर फ्रॉड करने वाले सायबर फ्रॉड गिरोह के सदस्यों को देकर अवैध साधनों के माध्यम से आर्थिक लाभ अर्जित करना पाया गया।



## कोटपा एक्ट

### चौक-चौराहों, पान ठेलों व होटलों में पुलिस की सख्ती

रायगढ़। जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा कोटपा एक्ट के तहत लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की गई । इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा विशेष रूप से शहर एवं कस्बों के मुख्य चौक.चौराहों में स्थित पान ठेलों, चाय दुकानों एवं फुटपाथी ठेलों होटलए ढाबा एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलोंपर सघन जांच एवं निगरानी की गई। थाना खरसिया मदनपुर क्षेत्र में कुल 20 प्रकरण दर्ज सिटी चौकी क्षेत्र में 10 प्रकरण दर्ज इन मामलों में दुकानदारों द्वारा खुलेआम सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, गुटखा की बिक्री, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तथा कोटपा एक्ट के नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की गई, कुल 30 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया तथा संबंधितों को सख्त हिदायत दी गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त